>

Title: Need to incorporate amendments made by the State Governments in the Draft of National Mineral Policy.

**श्रीमती किरण माहेश्वरी (उदयपुर) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन और सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगी कि नेशनल मिनरल पालिसी का एक ड्राफ्ट जो सन् 2006-2007 में पेश किया गया था, उसके संदर्भ में जो माइनिंग से संबंधित कुछ राज्य सरकारें हैं, उन सरकारों ने वहां से लिखकर कुछ अमैन्डमैन्टस लिखकर भेजे थे, जिनमें राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश और उड़ीसा राज्यों की रिक्मैन्डेशंस वहां के मुख्य मंत्रियों ने लिखकर दी थीं। लेकिन हमें यूनियन गवर्नमैन्ट की तरफ से अभी तक कुछ भी जानकारी नहीं मिली है कि क्या उनके द्वारा दिये गये अमैन्डमैन्ट्स को इसमें इनकारपोरेट किया गया है या नहीं। हमें ऐसा ज्ञात हुआ है कि आज होने वाली यूनियन कैबिनेट की मीटिंग में यह विषय आने वाला है। इसलिए एक अति महत्वपूर्ण विषय के रूप में मैं इसे आपके सामने और यहां बैठे हुए मिनिस्टर्स के सामने रखना चाहती हूं कि इस इश्यु के ऊपर आप कृपया जो अमैन्डमैन्ट्स हमारी राज्य सरकारों के मुख्य मंत्रियों के द्वारा दिये गये हैं, जिसमे राजस्थान की मुख्य मंत्री ने प्रधान मंत्री जी से पर्सनली मिलकर यह रिक्वैस्ट की है कि आपके द्वारा जो मिनरल पालिसी का ड्राफ्ट हमें दिया गया था, उसके ऊपर हमने अमैन्डमैन्ट्स दिये हैं। उन अमैन्डमैन्टस को काइन्डली इनकारपोरेट कर दीजिए, चूंकि हमारी स्टेट का रेवेन्यू बहुत कुछ मिनरल्स के ऊपर डिपैन्ड करता है। इसलिए अमैन्डमैन्ट्स के बारे में जो प्रपोज किया है, वह हम जानना चाहेंगे...(व्यवधान)

**श्री श्रीचन्द कृपलानी (चित्तौड़गढ़):** अध्यक्ष महोदय, इस बारे में हमारा निवेदन है कि जो राजस्थान...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** यही तो मुसीबत है, आप लोग कोई फर्स्ट टाइम मैम्बर्स नहीं हैं।

**श्री श्रीचन्द कृपलानी :** हमारा निवेदन है कि पांच राज्य हैं और पांच राज्यों...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** अब किसी की कोई बात रिकार्ड नहीं होगी, केवल आपका नाम रिकार्ड होगा।

...(व्यवधान) *

**अध्यक्ष महोदय :** आप क्यों चिल्लाते हैं?

**श्रीमती किरण माहेश्वरी :** सर, इसमें हम जानना चाहेंगे कि मंत्री जी जवाब दें...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** अभी आपने बोला है कि कैबिनेट में हो रहा है, अभी वह क्या बतायेंगे।

**श्रीमती किरण माहेश्वरी :** क्या वह पूछेंगे कि हमारे मुख्य मंत्री जी के अमैन्डमैन्ट को उन्होंने इनकारपोरेट किया है या नहीं।

* Not recorded.

MR. SPEAKER: Shri Srichand Kriplani, Prof. Rasa Singh Rawat, Shri Braja Kishore Tripathy, Shri Bikram Keshari Deo, Smt. Susheela Bangaru Laxman, Shri V.P. Singh, Shri Mahavir Bhagora, Shri Ram Singh Kaswan, Shri Dhan Singh Rawat, Shri Nihal Chand, Shri Girdhari Lal Bhargava Shri Dharmendra Pradhan and Shri Kharabela Swain will all be associated on this issue.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: The matters under rule 377, listed for the day, will be treated as laid on the Table of the House.

...(*Interruptions*)